हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 2025


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


14 भाजपा मंडल कार्यशाला में आत्मनिर्भर भारत के लिए रणनीति ...





12 पटेल समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन ...






## पुलिस अधीक्षक पटेल ने रक्षित केंद्र बालोद में साप्ताहिक जनरल परेड का किया निरीक्षण

### बेहतर टर्न आउट वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के द्वारा रक्षित केंद्र बालोद में साप्ताहिक जनरल परेड लिया गया। परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की वेशभूषा तथा परेड की गुणवत्ता का निरीक्षण कर बेहतर टर्न आउट वाले अधिकारी, कर्मचारियों को पुरस्कार दिया गया।

एमटी शाखा के शासकीय वाहनों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लेकर चालकों से वाहन के संबंध जानकारी ली तथा वाहनों के समय पर रखरखाव और स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु उचित निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा कर्मचारियों से आई गोट कर्मयोगी ऐप में रजिस्ट्रेशन, प्रशिक्षण एवं 'सशक्त ऐप' इंस्टालेशन की समीक्षा की तथा ऐप वाहनों सर्च करने की जानकारी ली गई। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इन दोनों ऐप्स का नियमित रूप से उपयोग करने निर्देश दिए।

इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने बीट अधिकारियों, कर्मचारियों से बीट प्रणाली की जानकारी प्राप्त की और क्षेत्र में सक्रिय उपस्थिति बनाए रखने, अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने, जनता से बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा अपने क्षेत्र की संपूर्ण जानकारी रखने निर्देशित किए। उक्त परेड में एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, सीएसपी डॉ. चित्र वर्मा, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा एवं जिले के अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए।





### खबर संक्षेप

### सूने मकान से तीन मोटरों की चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**गुरूर।** ग्राम बोरतरा में मणी राम सिन्हा के सुने मकान में तीन नग मोटर की चोरी हो गई, जब मकान मालिक दीपावली सफाई के लिए उस मकान में पहुंचा तब उसे मोटरो के चोरी होने की जानकारी हुई। प्रार्थी मणी सिन्हा ने थाना प्रभारी गुरूर को मोटर चोरी के संबंध मे रिपोर्ट दर्ज करने का आवेदन सौपा है। आवेदन मे मणीराम सिन्हा ने बताया कि उसके घर भाठापारा बोरतरा में स्थित है जहां 10 एच, 3 एचपी, 2 एचपी के मोटर रखा हुआ था, विगत 1 माह के अंदर 10 एच, 3 एचपी, 2 एचपी के मोटर चोरी हुई है। आज साफ सफाई के लिए गया तब पता चला, पूर्व वर्श मे इसी मकान में चोरी करते हुए दो लड़के को पकड़ा गया था जिसके नाबालिग होने और माफी मांगने के वजह से छोड़ा गया था। इसलिए मोटर चोरी का पता लगाने का कष्ट करे।

### तहसील साहू संघ का चुनाव आज

**गुण्डरदेही।** प्रदेश व जिला साहू संघ बालोद के निर्देशन मे गुण्डरदेही तहसील साहू संघ की त्रिवार्षिक चुनाव आज शनिवार 11 अक्टूबर को तहसील कार्यालय गुण्डरदेही मे संपन्न होगा जिसमे एक अध्यक्ष व दो उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। तहसील अध्यक्ष मानसिंग सार्वा ने बताया कि सुबह 11 बजे से चुनाव प्रकिया शुरु होगी। उसके बाद नामांकन, पुनरीक्षण व प्रकाशन पश्चात मतदान व मतगणना के बाद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की नामो की घोषणा की जाएगी। यह चुनाव जिला निर्वाचन अधिकारी व समन्वय समिति की उपस्थिति मे संपन्न होगा।

### गोधाम योजना संचालन के लिए आवेदन 15 तक

**बालोद।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी गोधाम योजना के अंतर्गत गौधाम के संचालन हेतु इच्छुक स्वयंसेवी संस्था (एनजीओ), ट्रस्ट, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, सहकारी समितियों से पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड में गौधाम संचालन हेतु आवेदन करने की तिथि 30 सितंबर से बढ़ाकर 15 अक्टूबर तक कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि गोधाम योजना के अंतर्गत उपयुक्त स्थानों पर निराश्रित, घुमंतु तथा कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 (यथा संशोधित),कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 अंतर्गत जब्त किए गए गौवंश के पशुओं के संरक्षण, संवर्धन किया जाएगा। उप सचांलक पशु चिकित्सा सेवायें ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत ऐसी शासकीय भूमि जिसमें सुरक्षित बाड़ा, पशु शेड, पर्याप्त पानी की सुविधा, बिजली तथा हरा चारा उत्पादन हेतु चारागाह की भूमि की सुविधा होगी। उन स्थानों पर जिला प्रशासन के प्रस्ताव के आधार पर राज्य गौसेवा ▶▶| शेष पेज 12 पर

### पटाखा दुकानों में ज्वलनशील पदार्थ, खुले बिजली स्रोत और पार्किंग पर सख्त रोक

## जिले की पटाखा दुकानों में अग्नि सुरक्षा के मानक अनिवार्य, नियम उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद जिले में संचालित सभी स्थायी, अस्थायी पटाखा दुकानों में आग से बचाव के उपाय सुनिश्चित नही करने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा, अधिनियम 2018 व छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना ने बताया कि अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा पटाखा दुकानों में आग से बचाव के संबंध में एडवाइजरी जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे–कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम 03 मीटर की दूरी पर एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जानी चाहिए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित किया जाना अनिवार्य है। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होनी चाहिए। विद्युत तारों में ज्वाइन्ट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर ▶▶| शेष पेज 12 पर



फाइल फोटो

### पटाखों के सुरक्षित उपयोग के लिए छत्तीसगढ़ अग्निशमन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**बालोद।** जिले में आगामी दीपावली पर्व के दौरान अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में बरती जाने वाली सावधानी हेतु अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ तथा एसडीआरएफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा एडवाइजरी जारी किया गया है। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना ने बताया कि इस दौरान लायसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही पटाखे खरीदें। यह सुनिश्चित करें कि गुणवत्ता वाले पटाखे खरीदें जो दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने के लिए अनुमोदित हो। इमारतों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थों से दूर पार्क, बड़े मैदान जैसे खुले स्थानों में पटाखे जलाएं। पटाखे जलाते समय संभावित आपातकालीन स्थिति के लिए पानी की बाल्टी निकट रखें। आग से संबंधित चोट के जोखिम को कम करने के लिए सूती वस्त्र पहनने को प्राथमिकता दें क्योंकि सिथेंटिक कपडे आसानी से आग पकड़ सकते हैं। पटाखे जलाते समय बच्चों की निगरानी के लिए हमेशा एक व्यस्क को साथ रखें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सुरक्षा उपायों का पालन कर रहे हैं। पटाखे फोड़ने के बाद इस्तेमाल किए गए पटाखों का पानी की ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ बच्चों की निगरानी करें, ज्वलनशील वस्तुओं से दूर रहें और आग से बचाव के उपाय अपनाएं

### बाइक सवार को वाहन ने मारी ठोकर पति-पत्नी सहित तीन बच्चे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बाईक के माध्यम से अपने परिवार सहित रिश्तेदार के घर गए पति, पत्नी व तीन बच्चों को पिकअप वाहन ने ठोकर मार दिया, जिससे सभी चोटिल हो गए जिन्हे अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहां ठोकर मारने वाले वाहन चालक के खिलाफ धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

ग्राम डौकीडीह निवासी नंद कुमार निषाद ने पुलिस को बताया कि 09 अक्टूबर को सुबह मेरा बेटा शैलेन्द्र निषाद, बहु दामिनी निषाद व नाती तनमय, मानसी निषाद व मानवी निषाद के साथ रिश्तेदार के यहां ग्राम शुक्लाडीह गये थे। शाम करीबन 05 बजे मेरा भतीजा बृजेश निषाद द्वारा फोन करके बताया कि भाई शैलेन्द्र निषाद, बहु दामिनी निषाद, मानसी निषाद व मानवी निषाद मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 24 जे 5915 में बैठकर वापस आते समय दोपहर 03–04 बजे के बीच हालर मिल के सामने मोड़ के पास ग्राम सिरसिदा में वाहन क्रमांक सीजी 04 एलक्यू 6631 का चालक ने मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 24 जे 5915 को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से सभी को काफी चोंट आया है जिन्हे निजी वाहन से उपचार हेतु दुर्ग के अस्पताल में भर्ती कराना घटना में लड़का शैलेन्द्र निषाद के सिर, चेहरा, दोनों हाथ की उंगली, दोनों पैर व कमर में, तथा बहु दामिनी निषाद के दाहिने पैर के जांघ व सिर में तथा मानसी के दाहिने पैर व मुंह तथा मानवी के बाये हाथ व पैर में चोंट लगा है तथा एक्सीडेंट से मोटर सायकल के सामने भाग क्षतिग्रस्त हो गया है।

■ घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

### पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक




**गुण्डरदेही।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद सुनील चन्द्रवंशी के द्वारा शुक्रवार को जनपद पंचायत गुण्डरदेही के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा की। जहां प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत समीक्षा बैठक में आबंटित लक्ष्य के विरूद्ध में शासन की मंशानुसार माह अक्टूबर 2025 के आबंटित लक्ष्य को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण कराए जाने के संबंध में गहन चर्चा की गई।

उन्होंने अप्रारंभ आवास को यथाशीघ्र प्रारंभ कराने तथा अपूर्ण आवासों में प्रतिदिन निरीक्षण किए जाने हेतु निर्देशित किया। चर्चा के दौरान ग्राम पंचायत अर्जुनी ,टिकरी, डुण्डेरा, ईरागुड़ा, माहुद बी, सिकोसा, सिरएँ, तिलोदा के सचिवों के द्वारा कार्य की प्रगति कम होने के कारण नाराजगी व्यक्त की गई एवं कार्य में आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए तथा इसके साथ ही ग्राम पंचायत अर्जुनी, बिरेतरा, डोंगीतरई, हल्दी, जोरातरई, खर्रा में आवास प्रगति की सराहना की गई।

उक्त बैठक में जनपद पंचायत सीईओ निखत सुल्ताना, जिला पंचायत जिला समन्वयक प्रभात साहू, अनुविभागीय अधिकारी ▶▶| शेष पेज 12 पर

### घरेलु विवाद में पत्नी की पिटाई, पति व पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** फोन न उठाने पर पति ने पत्नी की पिटाई कर दी जिसके बाद पत्नी द्वारा पति व ससुर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पटेली निवासी गितेश्वरी यादव ने पुलिस को बताया कि मेरे पति अजय यादव ड्रायवरी काम करता है, मै और मेरे पति डौण्डी के पिस्दा पारा गोवर्धन चौक के पास पिछले एक वर्ष से किराया के मकान में रहते है। मै डौण्डी मे रह कर रोजी मजदूरी करती हूं, मेरे पति भानुप्रतापपुर में ड्रायवरी काम करता है, वह दो तीन दिन में घर आता जाता रहता है, 05 अक्टूबर को मेरा पति ड्रायवरी काम से बाहर चला गया था, 06 अक्टूबर के सुबह 07 बजे गली मे नल के पास कपड़ा धोने गई थी व मोबाईल को घर मे छोड़ दी थी, मेरे पति के द्वारा मुझे फोन लगाने पर मै नहीं उठा पाई, फिर कपड़ा धोकर वापस घर आई तब मै अपने पति को फोन लगाई तो मेरे पति मेरे साथ गाली गलौच करने लगा फिर मै फोन रख दी, करीबन 03 बजे के आस पास मेरा पति शराब पीकर आया और घर में आकर सो गया, फिर शाम को डौण्डी तरफ से शराब के नशे मे करीबन 07 बजे आया और मुझे गाली गलौच करने लगा, मना की तो धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, कुछ समय बाद मेरे ससुर नारायण यादव जो दल्लीराजहरा मे रहते है वह भी आकर मेरे साथ गाली गलौच कर मारपीट करने लगा, मेरे साथ मारपीट करते देखकर मकान मालकिन कुमारी बाई भुआर्य व अनंत कुमारी ▶▶| शेष पेज 12 पर

### कलेक्टर मिश्रा के निर्देश पर जिले में निरंतर आयोजित हो रहीं विशेष ग्राम सभाएं

## डिजिटल सर्वेक्षण से फसलों की मिलेगी सटीक जानकारी व योजनाओं में आएगी पारदर्शिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत आज बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभा के अवसर पर डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का पठन किया गया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार गिरदावरी कार्य के सर्वे सूची का पठन हेतु जिले के सभी विकासखण्ड के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथियों में निरंतर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभा के दौरान गिरदावरी सर्वे सूची के पठन के अलावा भविष्य में आने वाले जल संकट से निपटने तथा जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के द्वारा कृषकों एवं ग्रामीणों को धान के बदले दलहन, तिलहन एवं अन्य फसल लगाने की समझाईश दी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि धान के फसल में अन्य फसलों की अपेक्षा बहुत अधिक पानी की खपत होती है। इसके अलावा ग्रीष्म ऋतु में धान की फसल के उत्पादन के लिए केवल भूजल पर ही निर्भर रहना पड़ता है। जिसके फलस्वरूप भूजल का अत्यधिक दोहन होने से भूजल का स्तर लगातार बहुत नीचे जा रहा है। आज एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का पठन हेतु डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम बोरिद, कारूटोला, पेवारी, खलारी, जाबुडवाही, नलकसा, पुसावड़, गंगोलीडीह, उरझे और साल्हे सहित जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभा के माध्यम से पटवारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों के द्वारा गिरदावरी सूची का पठन किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप जिले में किसानों के फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल टाइम में किया गया, जिसमें खेत की भौगोलिक स्थिति के साथ फसल की फोटो अपलोड की गई है। राज्य शासन द्वारा भू–नक्शों के जीव–रिफ्रेसिंग के पश्चात अब त्रुटिरहित फसल सर्वेक्षण संभव हुआ है। इस पहल का उद्देश्य त्रुटिरहित फसल गिरदावरी सुनिश्चित करते हुए किसानों के फसलों की सटीक और तकनीकी जानकारी एकत्रित करना है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित की जा सके। डिजिटल फसल सर्वेक्षण में किसानों ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ एग्री स्टैक पोर्टल के माध्यम से फसल ऋण, विशेषज्ञ सलाह और बाजार उपलब्धता में किसानों को मदद




## खबर संक्षेप



### सिकोसा में रजत जयंती पर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संदेश दिया

**बालोद/सिकोसा।** रजत जयंती का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिकोसा मे किया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिकोसा मे रजत जयंती के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सीएचओ भागवत साहू, आरएचओ कमलेश सिन्हा, आरएचओ सरस्वती साहू के द्वारा आयोजित किया। जिसने ग्रामीणों को टीबी, एचआईवी हेपेटाईटिस नियंत्रण और मानसिक स्वस्थ से बचाव हेतु स्वास्थ्य शिक्षा दिया।

### रजत जयंती वर्ष पर मानसिक स्वास्थ्य और योगाभ्यास कार्यक्रम



**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में राज्य शासन द्वारा आयोजित रजत जयंती वर्ष के अवसर पर बालोद जिले में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में निरंतर विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दल्लीराजहरा में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान एवं योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सालय प्रभारी डॉ. अमीत द्विवेदी, डॉ. एंजिल आभा कुजुर, डॉ. पूनमचंद सोनकर, आजाद साहू, त्रिवेणी साहू, राधिका नेताम सहित बड़ी संख्या में शिक्षक–शिक्षिका एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### भुगतान के बाद भी सामान न मिलने पर अस्पताल कर्मी ने ठगी का मामला दर्ज कराया

**बालोद।** अस्पताल में सामान के लिए ऑनलाईन भुगतान व बाद में चेक के माध्यम से राशि लेने के बाद भी सामान न देने का आरोप लगाते हुए अस्पताल कर्मी ने एक व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने 34 आईपीसी, 420 आईपीसी के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

### गांजा के साथ पकड़ाई महिला को 9 दिन की कैद

**दुर्ग।** गांजा के साथ पकड़ाई महिला को न्यायालय ने 9 दिन की कैद और 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 3 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। घटना 26 अप्रैल 2025 की है। पुलिस ने मुखबिक की सूचना पर रूप नगर कुम्हारी स्थित शौचालय के पास से शांति बाई पति रायलो बेरसा (65 वर्ष) को 1.120 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया था।

## प्रवचन : भागवत कथा में आनंद और भक्ति का संदेश

# श्रीमद्भागवत कथा से जीवन में भक्ति और सत्कर्म की मिलती है प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




जिला मुख्यालय के मरारपारा निवासी डॉ राम भगवान दुबे द्वारा अपनी पत्नी के पुण्य स्मृति में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा का आयोजन किया गया है। कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास महामाया मंदिर रायपुर निवासी पंडित मनोज शुक्ल ने भगवान की महिमा बताते हुए प्रहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार की कथा का व्याख्यान मार्मिक चित्रण के साथ किया।

कथावाचक पंडित मनोज शुक्ल ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का केंद्र है आनंद। आनंद की तल्लीनता में पाप का स्पर्श भी नहीं हो पाता। भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए मन तृप्त नहीं होता है। उन्होंने कहा कि हिरणकश्यप नामक दैत्य ने घोर तप किया, तप से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी प्रकट हुए व कहा कि वर मांगों। यह सुनकर हिरनयाक्ष ने अपनी आंखें खोली और ब्रह्माजी को अपने समक्ष खड़ा देखकर कहा–प्रभु मुझे केवल यही वर चाहिए कि मैं न दिन में मरूं, न रात को, न अंदर, न बाहर, न कोई हथियार काट सके, न आग जला सके, न ही मैं पानी में डूबकर मरूं, सदैव जीवित रहूं। उन्होंने उसे वरदान दिया। पंडित मनोज शुक्ला ने बताया कि यह वरदान मिलने के बाद हिरण्यकश्यप को लगा कि वह अमर हो चुका है, उसने अपने छोटे भाई का बदला लेने के लिए देवताओं को परेशान किया. हिरण्यकश्यप ने अपने बेटे प्रह्लाद को अध्ययन के लिए गुरुओं के पास भी भेजा लेकिन राक्षस का पुत्र होने के बाद भी प्रह्लाद भगवान की भक्ति में मगन रहता था। उन्होंने कहा कि बालक प्रहलाद की हरि भक्ति की परीक्षा लेने के लिए हिरण्यकश्यप ने कुछ सवाल पूछे. प्रह्लाद ने हिरण्यकश्यप को बताया कि सबसे श्रेष्ठ भगवान हरि हैं इसलिए वो उनकी ही पूजा आराधना करेगा. प्रहलाद ने हिरण्यकश्यप को हरि का ज्ञान करवाया, लेकिन वरदान के मद में चूर हिरण्यकश्यप ने अपने ही पुत्र को मारने की ठान ली। उन्होंने कहा कि हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को लाख समझाया लेकिन प्रह्लाद ने भगवान की भक्ति नहीं छोड़ी. इसके बाद हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को यातनाएं देनी शुरु कर दी। हिरण्यकश्यप ने अपने सेवकों को प्रहलाद को मारने का आदेश दे दिया. प्रह्लाद पर तीर, भाले, अस्त्र शस्त्र से वार किये गए, लेकिन प्रह्लाद के शरीर पर कोई असर नहीं पड़ा. हिरण्यकश्यप ने परेशान होकर प्रह्लाद को हाथी के पांव के नीचे कुचलने का आदेश दिया। लेकिन हाथियों ने भी प्रह्लाद को नहीं मारा. शेर, विष और हथियार का भी असर नहीं हुआ।

हिरण्यकश्यप की बहन होलिका भी प्रह्लाद को लेकर जलती चिता पर बैठी. होलिका को अग्नि में ना जलने का वरदान मिला था लेकिन उसका वरदान भी काम ना आया. उस अग्नि में हिरण्यकश्यप की बहन होलिका भस्म हो गई. इसी दिन से होलिका दहन की परंपरा शुरू हुई। श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा में यजमान भूपेंद्र दुबे पत्नी पूनम दुबे, धर्मेंद्र दुबे पत्नी अर्चना दुबे, अटल दुबे पत्नी स्वेता दुबे सहित नगर की महिलाए व पुरुष बड़ी सख्या शामिल होकर कथा का श्रवण कर रहे है।

## योग गुरु स्वामी नरेंद्र देव का विशेष व्याख्यान आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



तन और मन का साधना है योग विषय पर आज दोपहर 2 बजे सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर डॉ हेडगेवार सदन में योग गुरु स्वामी रामदेव महाराज के शिष्य सन्यासी पूज्य स्वामी संयोजक, छत्तीसगढ़ पतंजलि संगठन, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार नरेन्द्रदेव जी महाराज मोटिवेशनल विशेष व्याख्यान देंगे।

प्राचार्य पीएल बारले ने बताया इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के विद्याथएँ स्वस्फूर्त उपस्थित पालकगण प्रबुद्ध वर्ग योग विधा प्रेमी जन ग्रामीण जन की उपस्थिति सादर अपेक्षित है। अल्प सूचना पर आधारित कार्यक्रम में आमंत्रण की राह नहीं देखे स्वमेव संज्ञान लेकर लाभ उठाए। विदित हो कि स्वामी नरेंद्र देव का दुर्ग प्रवास कार्यक्रम 10 अक्टूबर को संध्या 6 बजे आएगे। उनका आगमन 11 अक्टूबर को प्रातः 6 से 7:30 योग सत्र के तहत शासकीय हाईस्कूल (डोम सेड) मुक्तिधाम, रामनगर, भिलाई, छग मे आयोजित कार्यक्रम मे सम्मिलित होंगे। प्रातः 8 से 9 बजे वैशाली नगर जोन के कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करेंगे। 12 अक्टूबर को प्रातः 6 से 7:30 बजे योग सत्र के लिए इस्पात क्लब सेक्टर 7 भिलाई के कार्यक्रम मे सम्मिलित होंगे। प्रातः 8 से 9 बजे सेक्टर एवं रिसाली जोन के कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करेंगे। दोपहर 2 से 4 बजे तहसील धमधा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक शीतला माता मंदिर धमधा में करेंगे। 13 अक्टूबर को प्रातः 6 से 7:30 बजे योग सत्र बोरसी मैदान दुर्ग के कार्यक्रम मे सम्मिलित होंगे। प्रातः 8 से 9 बजे दुर्ग जोन के कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करेंगे। दोपहर 2 मानपुर–मोहला हेतु प्रस्थान करेंगे।

## ग्राम परसदा दशहरा में शामिल रहे विधायक ललित



**अंडा।** ग्राम परसदा (डगंनिया) में रजत जयंती शाही दशहरा में शामिल राम राज युवा संगठन द्वारा भव्य स्वागत प्रदर्शन किया गया, जिसमें लड़कियों द्वारा श्री राम जन्मोत्सव, धनुष यज्ञ श्री राम बारात स्वागत, विवाह उत्सव द्वारा किया गया। रावण के साथ-साथ बुराई के प्रतीक कुंभकरण और मेघनाथ का भी पुतला जलाया गया। जय श्री राम के नारे के साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश अब बुराइयों को खात्मे का संकल्प लिया गया ग्राम परसदा (डगंनिया) में बुराई के प्रतीक रावण दहन किया गया। रामलीला मंडली के कलाकारों द्वारा राम रावण के बीच संवाद और युद्ध का मंचन किया गया। श्री राम ने दशानन रावण की नाभि पर अग्निबाण चलकर रावण का वध किया इस मौके पर जमकर आतिशबाजी किया गया। ग्राम परसदा (डगंनिया) में आयोजित दशहरा महोत्सव में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुआ।और प्रभु श्रीरामचंद्र जी की पूजा-अर्चना कर उनका पवित्र आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पावन अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा । यह पर्व हमें सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आइए, मिलकर भाईचारे और समर्पण की भावना को और सशक्त बनाएं।

## पटेल समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन 9 नवंबर को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ आयोजन में मुख्यमंत्री साय होंगे मुख्य अतिथि

छत्तीसगढ़ प्रदेश मरार पटेल समाज के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन, वैवाहिक पत्रिका विमोचन एवं शाकंभरी महोत्सव का भव्य आयोजन आगामी 09 नवंबर 2025 को ग्राम संबलपुर (डौंडीलोहारा), जिला बालोद में किया जा रहा है। इस गरिमामय अवसर पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णुदेव साय जी मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे। इसी संदर्भ में समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें औपचारिक आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री साय ने समाज के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए सम्मेलन में आने की सहमति प्रदान की तथा मरार पटेल समाज की एकता, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं संगठनात्मक शक्ति की सराहना की। मुलाकात के दौरान समाज के विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल की बातों को पूरे ध्यानपूर्वक सुना और समाज के उत्थान के लिए हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, संयोजक राजेंद्र नायक पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल, प्रदेश सलाहकार बेदलाल पटेल, सियाराम पटेल, प्रचार सचिव बुधलाल पटेल, रतन पटेल, चतुर पटेल, कोमल पटेल, दीपक पटेल, उप कोषाध्यक्ष भेख लाल पटेल, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष सत्कार पटेल, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. हलधर अनेक गणमान्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

## सुरेगांव में एड्स जागरूकता व परामर्श शिविर आयोजित



**डौंडीलोहारा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सुरेगांव में शुक्रवार को एड्स जागरूकता एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और सही जानकारी प्रदान करना था। शिविर का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरेगांव के सहयोग से किया गया, जिसमें ग्रामीण सहायक चिकित्सक के. साहू, आरएचओ नागेश साहू, एवं सेक्टर सुपरवाइजर यू. देवांगन उपस्थित रहीं। विशेषज्ञों ने लगभग 135 प्रशिक्षणार्थियों को एचआईवी एवं एड्स से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि एड्स किन कारणों से फैलता है, यह शरीर पर किस प्रकार प्रभाव डालता है, और किन परिस्थितियों में यह संक्रमण नहीं फैलता। प्रशिक्षणार्थियों को एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने एवं सुरक्षित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। संस्था प्रमुख एवं नोडल अधिकारी ने भी उपस्थित विद्यार्थियों को एचआईवी वायरस के संक्रमण, रोकथाम एवं इलाज से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। शिविर में आईटीआई सुरेगांव के सभी अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रशिक्षकगण की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने के संकल्प के साथ किया गया।

## ओबीसी समाज की सम्मेलन बैठक 17 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोडी

आगामी 17 अक्टूबर को भानुप्रतापपुर में होने वाली ओबीसी समाज के सम्मेलन की तैयारी को लेकर शुक्रवार को डोडी के रेस्ट हाउस में ओबीसी समाज डोडी ब्लॉक की बैठक हुई। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष हिंसाराम साहू ने बताया कि इस सम्मेलन में प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे और 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाली ओबीसी समाज भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन भी उसी दिन करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन के अवसर पर ओबीसी समाज के द्वारा मांग पत्र भी सोपा जाएगा।जिसमें ओबीसी समाज को पांचवी अनुसूची में शामिल करने तथा 27% आरक्षण की मांग प्रमुख रूप से रहेगी सम्मेलन के लिए डोंडी ब्लॉक के गाँवो में निवासरत ओबोसी समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल करने के लिए कहा गया। बैठक में छगन यदु झुरहाटोला पुनीतराम सेन ढोरी ठेमा तेजराम साहू डोंडी तुकाराम निषाद पेंड्री बाबू दास हिरवानी नर्रा टोला संतोष कौशिक उकारी गिरवर निषाद पेंड्री फिरतु राम निषाद पेंड्री भोलाराम प्रजापति पेवारी खम्मन यादव जीवराखन निर्मलकर सहित अनेक लोग सम्मिलित हुए।

## ग्रामीणों की सजगता से अवैध लकड़ी तस्करी का खुलासा

### अवैध पेड़ कटाई रुकवाई, भाजपा नेताओं ने तस्करों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी



आदिवासी ब्लॉक मुख्यालय डोंडी में लकड़ी माफिया बेखौफ होकर बिना नंबर प्लेट वाले ट्रैक्टरों से हरे पेड़ों की अवैध कटाई और परिवहन कर रहे हैं। बीती रात भाजपा मंडल महामंत्री महावीर ठाकुर व ढोरी ढेमा के ग्रामीणों की सजगता से तीन ट्रेकर, सात पेड़ काटने की मशीन के साथ दर्जन भर मजदूर जो की अवैध पेड़ काटने में पिछले माह भर से लगे हुए थे।

जिसे शंका के आधार पर पूछ ताच करने पर किसी भी प्रकार का अनुमति व परिवहन का कोई भी दस्तावेज नहीं मिलने से भाजपा नेता ने इसकी जानकारी अधिकारी व जिले स्तर के नेताओं की दी व गाड़ियों को ग्रामीणों द्वारा घेरा बंदी कर रोक कर रखा सुबह जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष मनीष झा को जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे। सरपंच व ग्रामीणों ने बताया की ग्राम के सामुदायिक भवन बांधा पारा में करीब माह भर से रुके दस बारह मजदूर रोज रात में फलदार पेड़ो की कटाई कर परिवहन कर रहे है। ग्रामीणों ने बताया की गुरुर क्षेत्र में लकड़ी तस्करों का संगठित गिरोह सक्रिय है, जो यूकेलिप्टस की आड़ में नीम, आम, बबूल और सेमर जैसे कीमती वृक्षों की अंधाधुंध कटाई कर रहा है। सरकार एक तरफ “एक पेड़ मां के नाम” अभियान चला रही है। ब्लाक के भाजपा नेताओं हिंसा राम साहू, दिनेश अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो ने मांग की है हजारों पेड़ कटाई में लगे तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।



**होगी कार्रवाई**

एस डी एम सुरेश साहू ने बताया की सम्पूर्ण कटाई का जांच कर संबंधित वाहनों को जप्त कर कार्रवाई की गई है। इस कार्य में लगे लोगों पर भी कार्यवाही की जावेगी।

## पेज 11 के शेष

### जिले की पटाखा दुकानों में ...

लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए। पटाखा दुकानें ट्रांसफार्मर के पास न हो और उसके ऊपर से हाई टेंशन पावर लाईन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 05 किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र होना चाहिए जिसकी मारक क्षमता 06 फीट की होती है। पटाखा दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 500 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए। पटाखा दुकानों के सामने बाईक, कार की पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए। अग्निशमन वाहन एवं एम्बुलेंस का फोन नंबर दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाए। अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए।

### पटाखों के सुरक्षित उपयोग ...

बाल्टी में सुरक्षित तरीके से निपटान करें ताकि किसी बची हुई चिंगारी से अग्नि दुर्घटना न हो। एक बार में एक ही पटाखे जलाएं एवं आग लगने की आशंका को देखते हुए एक साथ कई पटाखे जलाने से बचे। पटाखे में आग लगाने के बाद उससे सुरक्षित दूरी रखें। पटाखे जलाते समय हमेशा हवा की दिशा को ध्यान में रखें जिससे उसकी चिंगारी घरों या व्यक्तियों की ओर न उड़े। उन्होंने बताया कि इस दौरान घर के अंदर खिड़कियों के पास या अन्य बंद स्थानों पर कभी पटाखे न जलाए। पटाखे जलाते समय ढीले या लटकने वाले वस्त्र पहनने से बचें क्योंकि वे आसानी से आग पकड़ सकते है। ज्वलनशील पदार्थों के पास पटाखों का उपयोग न करें, पटाखों को सुखी पत्तियों, गैस सिलेण्डर या वाहनों जैसी वस्तुओं से दूर रखें। यदि कोई पटाखा जलने में विफल रहता है तो उसे पुनः जलाने का प्रयास न करें, अपितु कुछ देर प्रतीक्षा करने के उपरांत उसका सुरक्षित रूप से निपटान करें। यह सुनिश्चित करें कि पटाखे ऐसे स्थानों में न जलाए जाएं जो आग लगने की स्थिति में आपातकालीन निकास मार्ग को अवरूद्ध कर सकते है। तेल के दियों या मोमबत्तियों को जलते हुए उपेक्षित न छोड़े, विशेष रूप से पर्दा या ज्वलनशील पदार्थों के पास। किसी भी तरह की चोट लगने या जलने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें तथा उचित मार्ग दर्शन के बिना घरेलू उपचार न करें।

### पति-पत्नी के विवाद में ...

आकर बीच बचाव किये, मारपीट करने के बाद मेरे पति और ससुर अपने घर ग्राम पटेली चले गये, मै अकेली डौण्डी में मकान मालकिन कुमारी बाई भुआर्य के साथ थी, मारपीट करने से मुझे बांया – दांया आंख के ऊपर चोट एवं गला, कमर, छाती मे मारपीट करने से दर्द हो रहा है। मै काफी भयभीत हो गई थी और डर के कारण मै घटना के संबंध में अपनी मां सुशीला बाई यादव को बता कर अपने माईके पीड़िगपार थाना गोटाटोला चली गई थी, तबीयत थोड़ा ठिक होने पर आजघटना के संबंध में रिपोर्ट करने थाना आई हूं।

### पंचायत व ग्रामीण ...

(ग्रा.यां.से.) घनश्याम सिन्हा, विकासखण्ड समन्वयक नीलम चन्द्राकर, कार्यक्रम अधिकारी प्रतिज्ञा चन्द्राकर सहित जनपद पंचायत गुण्डरदेही अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतो के सचिव व अन्य अधिकारी, कर्मचारी बैठक मे उपस्थित थे।

### डिजिटल सर्वेक्षण ...

की फसलों की सभी जानकारियां एग्री स्टैक पोर्टल में दर्ज की गई है। जिससे किसानों को फसल उत्पादकता के लिए जरूरी इनपुट जैसे फसल ऋण, विशेषज्ञों की सलाह से लेकर बाजार उपलब्ध कराने में एग्री स्टैक पोर्टल से मदद मिलेगी। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### गोधाम योजना संचालन ...

आयोग की स्वी—ति उपरांत चयनित संस्थाओं को गोधाम की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत प्रथम चरण में प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास ग्रामीण क्षेत्रें में गौधाम की स्थापना किया जाएगा। इसके साथ ही गौधाम के संचालन हेतु चिन्हांकित भूमि के समीप पंजीकृत गौशाला समिति द्वारा सहमति व्यक्त करने पर छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग की क्रियान्वयन समिति के द्वारा प्राथमिकता पर लिया जाएगा।

गौधाम के संचालन हेतु गौसेवा पशु नस्ल सुधार एवं संचालन के क्षेत्र मे संलग्न संस्थाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही इच्छुक स्वयंसेवी संस्था (एनजीओ), ट्रस्ट, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, सहकारी समितियों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड में गौधाम संचालन हेतु 15 अक्टूबर तक निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके पश्चात परीक्षण उपरांत जिला प्रशासन द्वारा चयनित संस्था का नाम राज्य गौसेवा आयोग को गौधाम स्थापना हेतु अनुमोदन प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गौधाम के संचालन हेतु गौ सेवा, पशु नस्ल सुधार एवं संचालन के क्षेत्र में संलग्न संस्थाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

SIDDHIVINAYAK सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692


विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH

## 15 वर्षों से आपकी सेवा में


प्रतिक्षा कक्ष



प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान




परामर्श कक्ष



# जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**


**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567**


## खबर संक्षेप

### मुख्य मार्ग मोहंदी-अर्जुन्दा पर अवैध चखना सेंटर

**बालोद/निकुम।** प्रदेश में बंद पड़े पुरानी शराब भट्टी सहित नई शराब दुकान खोली गई, वही शराब भट्टी के पास मुख्य मार्ग मोहंदी अर्जुन्दा सड़क किनारे दर्जन भर अवैध चखना सेंटर खुल गए, जिसमें खुलेआम प्रतिबंधित डिस्पोजल पानी पाउच बेचकर सड़क किनारे पड़े रहने से पर्यावरण भी दूषित हो रहा है। वही सड़क किनारे पियक्कड़ शराबी अपने वाहन खड़े कर देते है, गाली गलौज आम बात हो गई, गौर हो कि चखना सेंटर के पास ही पेट्रोल पंप होने के कारण महिलाएं भी पंप आती हैं, लेकिन अपनी दंबगई नीति से पियक्कड़ बाज नहीं आ रहे, देर शाम होते ही खराब होते माहौल में आम जनो व स्कूली बच्चे डर के साए में गुजरते है, कई लोग शराब पीकर बड़बड़ाते सड़क पर बदहवास रहते है। वही ग्राम पंचायत बघेली के सरपंच रामेश्वर साहू ने कहा कि सरकारी जगह अवैध कब्जा कर दुकान चलाने वाले को नोटिस दिये है, आखिर किसके इशारे पर चखना सेंटर चल रहा है, सवालिया निशान उठता है।

### नपा की सामान्य सभा बैठक में केंद्रीय विद्यालय स्थापना पर होगी अहम चर्चा

**बालोद।** नगर पालिका बालोद की बहुप्रतिक्षित सामान्य सभा की बैठक जो 14 अक्टूबर मंगलवार को आयोजित होनी है, यह बैठक



शहर में प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान केंद्रीय विद्यालय स्थापना को लेकर बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। नगर पालिका के 11 सूत्रिय एजेण्डे मे केद्रिरय विद्यालय का विशय 9वें नंबर पर रखा गया है। दरअसल बालोद पालिका की आगामी सामान्य सभा बैठक में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने वाले प्रतिष्ठित संस्थान केंद्रीय विद्यालय स्थापना के लिए खाका तैयार किया गया है। इसके तहत नगर पालिका क्षेत्रन्तर्गत बालोद शहर में केंद्रीय विद्यालय के स्थापना के लिए प्रस्ताव प्रेषित किये जाने की स्वीकृति के संबंध में चर्चा व निर्णय होना है। वहीं बालोद शहरवासियों की भी इस बैठक पर नजर है। नगरवासी चाहते हैं जिला मुख्यालय में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हो ताकि जिले के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए दूसरे जिलों में नहीं जाना पड़े। ऐसे में बालोद नगर पालिका अध्यक्ष और उनकी 20 पार्षदों वाली परिषद का यह कदम न केवल स्थानीय शिक्षा परिदृश्य को बदलने का आधार बनेगा, बल्कि क्षेत्र के हजारों छात्रें के उज्वल भविष्य की नींव भी रखेगा।

### शिक्षकों ने फिटनेस का संदेश देने चलाई साइकिल

**भिलाई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज में स्वास्थ्य, पर्यावरण और फिटनेस के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। साइकिल रैली को विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान फिट इंडिया- हिट इण्डिया यंग इंडिया, स्वस्थ तन में स्वस्थ मन जैसे नारे गूंज उठे। रैली में 25 वर्ष से 59 वर्ष तक के शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और शहर में पर्यावरण-संवेदनशीलता तथा स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली का संदेश दिया। उमाशंकर मिश्र ने फिटनेस केवल शरीर की मजबूती नहीं, बल्कि मन के संतुलन और आत्मविश्वास का प्रतीक बताया। शिक्षक डॉ. अजय आर्य ने कहा कि साइकिल चलाना न केवल एक स्वस्थ व्यायाम है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी अत्यंत लाभकारी है।

अभियान : विकसित भारत के सपने को साकार करने कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

# भाजपा मंडल कार्यशाला में आत्मनिर्भर भारत के लिए रूपरेखा पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम मंडल कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी मंडल मिरऐंटोला पुरूर में आयोजित किया गया है। जिसमें आत्मनिर्भरता से जुड़े विविध आयामों वोकल फॉर लोकल, रक्षा क्षेत्र, ऑपरेशन सिंदूर, जेट इंजन, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष विज्ञान, ऊर्जा, कृषि, उर्वरक, स्वदेशी तकनीक, मिशन सुदर्शन चक्र आदि पर विस्तृत चर्चा की गई।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान, पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती 25 सितंबर से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी जयंती 25 दिसंबर तक चलेगा। यह अभियान समाज के हर वर्ग को स्वदेशी उत्पाद अपनाने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और भारत को आर्थिक व तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में प्रेरित करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के विभिन्न क्षेत्रें में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों जैसे





ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी हथियारो का उपयोग, सेमीकंडक्टर उत्पादन, अंतरिक्ष मिशन, ऊर्जा स्वतंत्रता, खाद्य सुरक्षा, स्वदेशी प्लेटफॉर्म आदि का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अभियान सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण का संकल्प है।

जिसमें मुख्य वक्ता पवन साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, सभापति जिला पंचायत बालोद तेज राम साहू, संयोजक त्रिलोकी साहू, अध्यक्ष टुकेश्वर पांडे, महामंत्री राकेश सिन्हा, महामंत्री यदीप साहू, मेहत्तर नेताम, कोषाध्यक्ष प्रहलाद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष याद राम, उपाध्यक्ष सविता साहू, पूर्व जिला सदस्य मीना साहू, अजेन्द्र साहू, राजेंद्र साहू, रेणुका गजेंद्र, जनपद सदस्य संतोषी साहू, मीडिया प्रभारी पोखन लाल साहू, धर्मेन्द्र साहू, हेमंत साहू, अनिल साहू, संजय कुमार साहू, अजय साहू, यालेश साहू, द्वारिका सिन्हा, बाबूलाल सिन्हा, तुला राम, चिन्ता राम साहू, भुवन साहू, भानू प्रताप साहू, मिथलेश साहू, शैलेन्द्र सोरी नरेश साहू, भुनेश्वर साहू, नवीन आनंद, तोषण मरकाम, कमलदेव साहू, तेजराम साहू, सुरेन्द्र साहू, गजानंद मरकाम सहित कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## सहगांव स्कूल में सामाजिक अंकेक्षण और न्योता भोज का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला सहगांव में सामाजिक अंकेक्षण किया गया। इस शिक्षा गुणवत्ता अभियान का प्रमुख उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता ,आकलन, मूल्यांकन, विद्यार्थियों के सीखने की दक्षता का आकलन एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाना है।

सामाजिक अंकेक्षण प्रमुख श्रीमती रेखा देवांगन व योगिता ठाकुर,गठित टीम तथा समुदाय की उपस्थिति में 20 बिंदुओं पर चर्चा परिचर्चा व बच्चों से प्रश्न पूछ कर मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर टीकम राम लोहमार द्वारा अपने सुपुत्र सागर लोहमार के जन्मदिन के उपलक्ष्य में न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज के रूप में चावल दाल सब्जी के साथ खीर पूरी व पापड़ परोसा गया। संकुल प्राचार्य बी. एस. रावटे व व्याख्याता देशमुख द्वारा निरीक्षण किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालयीन स्टॉफ होमलाल पटेल ,प्रीति चौहान, केशर अलेंद्र ,गिरीश कुमार निर्मोही, लोकेश्वरी नायक, सेवानिवृत शिक्षक सुखीराम यामले, सरपंच भूषण लाल देवांगन तथा विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी दिलीप कुमार मेश्राम, यमुना प्रसाद कोशार्य, गोविंद सिंह चुरेन्द्र, विजय माहला, दुर्योधन शिवना यासमीन बी, रुनीता पिस्दा, कृपाल सिंह पिस्दा, होरीलाल चुरेन्द्र, भुवनेश्वरी ,विभा, ओमेश्वरी, अंजलि सहित छात्र ,छात्राएँ व पालक गण उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचने दी गई जानकारी



**डौंडीलोहारा।** नगर के शास.आई टी आई में थाना डौंडीलोहारा के तत्वाधान शुक्रवार को साइबर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें साइबर अपराध से संबंधित जानकारी ,साइबर अपराध से बचने के तरीकों तथा साइबर अपराध करने पर सजा के प्रावधान के बारे में सभी प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया गया। थाना से वीरेंद्र साहू ने प्रशिक्षणार्थियों को डिजिटल अरेस्ट, एआई, अपरिचित वीडियो कॉल, अपरिचित फोन कॉल, अपरिचित एपीके फाइल से होने वाले फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी दिए। वही पुलिस अधिकारी पूनम खरे ने महिलाओं से होने वाले अपराधों तथा सजा के प्रावधान पर जानकारी दी, और साइबर सुरक्षा हेतु जारी टोल फ्री नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी। शिविर में संस्था के चंद्रकुमार देशमुख, निर्मला गायकवाड़, पदमा राव, पूजा रानी, पूषा लाल साहू, ओमप्रकाश देवांगन, शीतल कुमार, वरुण कुमार, डी.आर. मढ़रिया सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## साहू समाज का हुआ शपथ ग्रहण कार्यक्रम

**डौंडीलोहारा।** परिक्षेत्र साहू समाज डौंडीलोहारा में नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं संगठन सचिव का शपथग्रहण समारोह एवं पूर्व अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं परिक्षेत्र साहू समाज के पदाधिकारियों का विदाई का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें मुख्य अतिथि महावीर कलिहारी कार्यकारी अध्यक्ष तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा एवं विशेष अतिथि रोहित चंदनमलागर थे, परिक्षेत्र साहू समिति के अंतर्गत 16 ग्राम को मिलाकर एक परिक्षेत्र का गठन हुआ है, हर गांव में पांच पदाधिकारी का चुनाव किया गया है, जिसमें 1अध्यक्ष, 2 उपाध्यक्ष 1महिला व 1 पुरुष तथा 2 संगठन सचिव जिसमें 1 महिला व 1 पुरुष का चुनाव किया गया है। चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण किया गया और वर्तमान पदाधिकारियों की विदाई किया गया इस दौरान वर्तमान परिक्षेत्र अध्यक्ष यशवंत साहू ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, मधुसूदन साहू, उपाध्यक्ष नरेन्द्र साहू व बसंती को पदभार दिया। यशवंत साहू ने समाज को एक जुट होकर अपने कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज डौंडीलोहारा के समस्त स्वजातीय भाई बहन उपस्थित थे।



## विद्यार्थियों के जन्मदिन पर पौधा रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में नवाचारी व्याख्याता अजय पाठक और हेपशीबा एंथोनी के द्वारा पर्यावरण संरक्षण तथा विद्यालय परिसर को हरा भरा बनाने के उद्देश्य से नवाचार करते हुए विद्यार्थियों को उनके जन्मदिन पर प्राचार्य आर के देवांगन, वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी एल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू के हाथों कक्षा 12वीं के साक्षी और रोशन कुमार को पौधा वितरित कर विद्यालय परिसर में ही लगवाया गया तथा उसकी देखभाल की पूरी जिम्मेदारी दी गई। पौधे के सामने उन विद्यार्थी का नाम प्लेट को लगाया जाता है। जिससे उसकी रुचि उस पौधे पर बनी रहे। इस अवसर पर प्राचार्य ने दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और दोनों व्याख्याता की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे नवाचार करते रहना चाहिए। इससे पर्यावरण संरक्षण एक उबाऊ काम के बजाय एक रोमांचक और सार्थक कार्य बन जाता है। जिससे अधिक से अधिक छात्र इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित होते हैं।

## मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान तहत सामाजिक अंकेक्षण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय प्राथमिक शाला आमापारा संजारी में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत सामाजिक आंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक भुवन लाल देवांगन एवं सहायक शिक्षक शशांक साहू के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर निरीक्षणकर्ता के रूप में प्राथमिक शाला संजारी के प्रधान पाठक भूपेंद्र कुमार इंदौरिया उपस्थित रहे। उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित 20 बिंदुओं के आधार पर शाला का निरीक्षण किया तथा शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मिड-डे मील, स्वच्छता, नामांकन वृद्धि एवं शाला विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान ग्राम के जनप्रतिनिधि, पालकगण एवं ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने शाला के कार्यों की सराहना की और शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सहयोग का आश्वासन दिया।



ग्रामीण विकास कार्यों की गति तेज करने पर दिया विशेष जोर

# पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में प्रगतिरत आवासों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सुनील कुमार चंद्रवंशी (आईएएस) ने गुरुवार को स्थानीय जनपद पंचायत के संसाधन केन्द्र में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में सभी विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना शासन स्तर से स्वीकृत हुआ है जिसे अविलंब प्रारंभ कराएं।

कुछ ग्राम पंचायत का उदाहरण देते हुए सीईओ जिला पंचायत सुनील कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि एक हितग्राही ने 80 दिन में ही छत की ढलाई कर मिसाल प्रस्तुत किया है। उसी तर्ज में आप सभी कार्य करें। अप्रारंभ आवासों को जल्द प्रारंभ कर पूर्ण कराने एवं प्रगतिरत आवासों को पूर्ण करने कार्य योजना



बनाकर लक्ष्य को हासिल करें। 14 वें वित्त से भवन निर्माण कार्य की जियो टैग का प्रगति धीमी है अतिशीघ्र जियो टैग कर प्रगति लाने निर्देशित किया।

प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के कार्यो का अधिक से अधिक प्रस्ताव प्रेषित करें ताकि उसकी स्वीकृति अविलंब प्रदान की जा सके। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करने निर्देश दिया गया। जिसमें राज्य स्तर से डिस्लजिंग वाहन प्रदान किया गया है। कहा कि सभी निर्मित कचरा संग्रहण शेड में कचरे का परिवहन तथा निरंतर कचरा संग्रहण का कार्य सुचारू रूप से संचालित रहे तथा मुख्य मार्ग सहित गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने पहल करें। ग्राम पंचायतों में निर्मित सामुदायिक शौचालयो का उपयोग हो। संचालन, संधारण के साथ ही शौचालय हमेशा खुला रहे ताला बंद नहीं रहना चाहिए। इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत समीक्षा बैठक में योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024 -25 में अप्रारंभ एवं छज्जा स्तर, छत स्तर, छत पूर्ण आवासों को 20 अक्टूबर तक पूर्ण करने हेतु सचिव सरपंच एवं नोडल अधिकारियों सहित सबकी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया गया। साथ ही मनरेगा के तहत 90 मानव दिवस की मजदूरी राशि जारी करने निर्देशित करते हुए समस्त नोडल अधिकारियो को अपने आबंटित क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर शासन की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना का बेहतर क्रियान्वयन करने लाभार्थियो से संपर्क स्थापित कर उनके मांग, आवेदन, शिकायतों पर यथासंभव निराकृत करने को कहा गया। विभिन्न कारणों से अपात्र पाये गए हितग्राहियों को 15 अक्टूबर तक दावा आपत्ति आमंत्रित कर सूचियों को सूचना पटल में चस्पा करने हेतु निर्देशित किया।

जनपद सीईओ पंकज देव ने स्वच्छा ग्रहियों का प्रति माह मानदेय भुगतान करने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का सतत मॉनिटरिंग करने, प्रतिदिन आवास निर्माण की जानकारी उपलब्ध कराने नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया। उक्त बैठक में सीईओ पंकज देव जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा, पीएम आवास योजना, एसबीएम मनरेगा, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, विकास खंड के सरपंच सचिव सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## यादव समाज उपमहासभा का निर्वाचन 12 को संपन्न होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ठेठवार यादव समाज उप महासभा बालोद का निर्वाचन आगामी 12 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे से ठेठवार भवन गंजपारा बालोद में संपन्न होगा।

ठेठवार यादव समाज में सामाजिक उत्थान हेतु नए विचारों और गतिविधियों को एक बड़ा मंच प्रदान करने के लिए लगभग 12 राज आपस में मिलकर बालोद उपमहासभा का गठन किये हैं। जिसमे अध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष, इन तीन प्रमुख पदाधिकारियों का चुनाव दिनांक 12 अक्टूबर को ठेठवार भवन गंजपारा बालोद में 11 से होने जा रहा है। इस चुनाव में प्रत्येक राज एवं जिला संगठन से 5 अनुशंसित मतदाता ही वोट डाल पाएंगे। उपमहासभा के वर्तमान अध्यक्ष डॉ.सुरेंद्र यदु एवं महासचिव नंदकिशोर यादव ने बताया कि बालोद उपमहासभा, अपने में शामिल समस्त राज संगठनों तथा छत्तीसगढ़ प्रांतीय संगठन राजिम, के मध्य समन्वय का कार्य करेगी। समस्त राज

संगठनों को चुनाव की नियमावली, आमंत्रण के साथ भेजा गया है, तथा उनके द्वारा सहमति भी प्राप्त हो चुकी है। निर्वाचन अधिकारी, भोजन व्यवस्था प्रभार, स्वागत कर्ता एवं अन्य प्रभारों वितरण कर दिया गया है। उन्होंने सभी राजध्यक्षों एवं पदाधिकारियों से निवेदन किया है कि वे अपने–अपने मतदाताओं की सूची प्रेषित करें एवं निर्वाचन दिवस पर सभी मतदाताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करें। यह जानकारी जिला संगठन के महासचिव बलदेव यादव एवं मीडिया प्रभारी जयप्रकाश यादव ने दी।

कार्यशाला में देश के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मार्गदर्शन और रूपरेखा पर हुई चर्चा

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' के तहत मण्डलस्तरीय कार्यशाला आयोजित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भाजपा प्रदेश व जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत मण्डलस्तरीय कार्यशाला का आयोजन भाजपा मण्डल सनौद मे लिंगेश्वर मंदिर प्रांगण मे कार्यशाला आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम मे मुख्यवक्ता निवृतमान जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद पवन साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल के अध्यक्ष खेमलाल देवांगन ने किया व विशेष अतिथि भाजपा नेता यादराम साहू, कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मी साहू, ढंगु हिरवानी, महामंत्री ललित गर्जेद्र, सभापति जि. प तेजराम साहू, कार्यक्रम सदस्य हरि कृष्ण गंजीर, कार्यक्रम सदस्य झालेन्द्र साहू, कार्यक्रम मिडिया प्रभारी मितेश साहू, सभापति जनपद पंचायत नरेश साहू, जनपद सदस्य गुलाब सिन्हा, लखनलाल गुरुपंच, डामेशवरी साहू, ललिता पिमन साहू, मण्डल उपाध्यक्ष नीता साहू, दुर्ग मण्डल उपाध्यक्ष खया बाई, मण्डल उपाध्यक्ष घिरपाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष गंगबेर, सोसाइटी अध्यक्ष नन्दकुमार, सोसायटी अध्यक्ष जीतेन्द्र सहाड़ा, अशोक साहू, सरपंच चंद्राकला साहू, सरपंच गंगा साहू, लखन गुरुपंच, कुमार साहू, बालक साहू, सेवाराम तेजेश्वी, लीलाराम साहू, भगोली राम, कुमार साहू, चुम्मन साहू, शत्रुघ्न साहू, नीलकंठ, सेवा राम, चुम्मन साहू, जसवंत, जोहन लाल, चन्द्रहास, जयप्रकाश, पूनमचन्द, राम कुमार सेन, एक नारायण, धनराजसाहू, भारत साहू, पूरब, मुकेश सोनबेर, शिवलाल निषाद, हुमनलाल, धर्मेंद्र, विश्व नाथ, जयपाल, बालक, तुलाराम, बोधराय व कार्यकत्रागण उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

